# सिकंदराबाद दर्पण

अंक-II

## त्रैमासिक ई-सूचना पत्र (जुलाई 2024 – सितंबर 2024)

संरक्षक

श्री बी.के. जैन
मंडल रेल प्रबंधक

मार्गदर्शक

श्री एम.गोपाल
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा)

संपादक

श्री हेमंत वाडेकर
राजभाषा अधिकारी

सहयोग

श्री प्रणय कुमार सिंह
कनिष्ठ अनुवादक


संपर्क

राजभाषा अनुभाग
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
संचालन भवन, सिकंदराबाद
(द.म.रेलवे), 500003
दूरभाष: 88112
srascrsc@gmail.com


### महाप्रबंधक/द.म.रे, के द्वारा सिकंदराबाद स्टेशन का निरीक्षण और सिकंदराबाद-काजीपेट सेक्शन के बीच फुट प्लेट निरीक्षण:



दिनांक 05.07.2024 को श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक/सिकंदराबाद ने मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिकंदराबाद कर्मीदल लॉबी/रनिंग रूम का निरीक्षण किया और सुरक्षा पर चल रहे कार्यों के संबंध में मंडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की.इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक/द.म.रे ने रनिंग रूम के लिए 6 यात्री क्षमता वाले एक लिफ्ट का उद्घाटन किया.

### सिकंदराबाद स्टेशन पर "विभाजन की विभीषिका" प्रदर्शनी का आयोजन:



दिनांक 14.08. 2024 को मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने अन्य रेलवे अधिकारियों के साथ प्लैटफार्म सं. 10 पर "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" एक भाग के रूप में विशेष फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और हमारी आज़ादी के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को भी सम्मान दिया गया. विभाजन विभीषिका दिवस की परिकल्पना विभाजन से पीड़ित लाखों की पीड़ा, दर्द को सामने लाने के लिए की गई.



श्री बी.के. जैन, मंडल रेल प्रबंधक/सिकं. एवं अन्य मंडल अधिकारियों के साथ सिकंदराबाद स्टेशन में फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए.

"विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" का यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होगी: – माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी

## रेल राज्य मंत्री के द्वारा सिकंदराबाद स्टेशन का निरीक्षण:






दिनांक 24.08.2024 को माननीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू ने महाप्रबंधक/द.म.रे, मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और चल रहे पुनर्विकास कार्यों और सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के 3डी मॉडल की समीक्षा की.

## स्वतंत्रता दिवस समारोह-2024





15 अगस्त,2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री भरतेश कुमार जैन ने वर्कशॉप व रेलवे लोको रेलवे मैदान में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया. मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट्स और गाइड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया. कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए.

## सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम





दि.03.08.2024 को मंरेप्र/सिकं. और अध्यक्ष/द.म.रे महिला कल्याण संगठन/सिकं. ने टीम के साथ प्राकृतिक पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की दिशा में मौलाअली स्टेशन पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण में भाग लिया.

## स्वच्छता अभियान कार्यक्रम





मंडल कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के 10वी वर्षगांठ पर 14 सितंबर से 1 अक्तूबर तक ‘ स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता’ की थीम पर ‘स्वच्छता ही सेवा’ स्वच्छता अभियान मनाया गया. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपत दिलाई.



मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों के साथ घटकेसर स्टेशन पर हरित पर्यावरण को मजबूत करने की दिशा में "एक पेड़ मां के नाम" पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण में भाग लिया.



दिनांक 02.10.2024 को हवा महल (संचालन भवन) में ‘स्वच्छता ही सेवा’ समापन समारोह पर ड्राइंग, पेंटिंग और निबंध लेखन में भाग लेने वाले स्कूल और कॉलेज के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए.

## नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस (तेलंगाना राज्य के लिए 5वीं ) को हरी झंडी दिखाते हुए:







माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 16.09.24 को अहमदाबाद से रिमोट वीडियो लिंक के माध्यम से नागपुर - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई. तदनुसार, नागपुर स्टेशन से आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के स्वागत के लिए सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर एक औपचारिक समारोह आयोजित किया गया था. श्री जिष्णु देव वर्मा, माननीय राज्यपाल, तेलंगाना राज्य; श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति महाप्रबंधक/द.म.रे, मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद और वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे.

## राजभाषा गतिविधियां

### हवा महल, संचालन भवन में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन



दि.08.07.2024 को हवा महल, संचालन भवन में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

### राजभाषा पखवाड़ा -2024 के दौरान मंडल कार्यालय में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं



दिनांक 24.09.2024 को मंडल कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा-2024 के दौरान हिंदी स्मृति, टंकण एवं श्रुतलेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई.

### संचालन भवन, सिकंदराबाद में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक






दि. 30.09.2024 को मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई तथा अधिकारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता एवं 'सिकंदराबाद दर्पण' पत्रिका का भी विमोचन किया गया.

### राजभाषा नियम

राजभाषा नियम 1976 के अनुसार क, ख, ग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्य एवं संघ शासित प्रदेश

| | |
|---|---|
| 'क' | बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्विप समूह. |
| 'ख' | गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब , चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादर और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र. |
| 'ग' | ओड़िशा, बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, मणिपुर, सिक्किम, त्रिपुरा, मिजोरम, तमिलनाडु, गोवा, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, जम्मू व काश्मीर, लक्षद्वीप और पांडिचेरी. |

### आइए हिंदी सीखें

| | |
|---|---|
| Acknowledgement | पावती |
| Achievement | उपलब्धि |
| Administration | प्रशासन |
| Allotment | आवंटन |
| Awareness | जागरूकता |

राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है. - महात्मा गांधी

"यह समाचार पत्रिका सिकंदराबाद मंडल की गतिविधियों को राजभाषा में साझा करने हेतु प्रकाशित की जा रही है".